## खबर संक्षेप

### तेंदुआ शावक की मौत

**बरही।** वन परिक्षेत्र के ग्राम जजागढ़ में एक क्रेसर प्लांट के दफ्तर में आ पहुंचे तेंदुआ के शावक की मौत हो गई। वन विभाग ने उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर बेहतर इलाज के लिए रीवा भेजा था, लेकिन मुकुंदपुर पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर जाजागढ़ स्थित केशर प्लांट परिसर में तेंदुआ शावक के घुसने से की सूचना मिली थी। प्लांट में काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शावक का रेस्क्यू किया। जिला वन अधिकारी गर्भित गंगवार ने बताया कि विभाग की पहली कोशिश शावक को उसकी मां से मिलवाने की थी। इसके लिए आसपास के इलाके में निगरानी रखी गई, लेकिन मादा तेंदुआ नजर नहीं आई। मां से मिलन संभव नहीं होने पर स्थानीय डॉक्टर से शावक का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जांच में शावक कमजोर और निमोनिया से पीड़ित पाया गया। इसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए तुरंत मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी भेजने का निर्णय लिया गया। शावक को मुकुंदपुर ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की ने जांच की, लेकिन तब तक उसकी हालत बिगड़ चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अलग अलग हादसों एवं घटनाओं में 6 की मौत

**कटनी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए हादसों और घटनाओं में 6 की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र के रुपौंध स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर ग्राम दशरमन निवासी 32 वर्षीय सोमवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतिका के परिजनों की सूचना पर मर्ग दर्ज किया है। कुठला थाना क्षेत्र के बिजौरी निवासी 17 वर्षीय सुमित कुशवाहा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है। इसी तरह विजयराघवगढ़ क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवतियों की जान गई। जानकारी अनुसार नंदिनी कोल 22 वर्ष ग्राम पढ़खुरी निवासी ने अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसका इलाज के दौरान निधन हो गया। इसी तरह राजनन्दनी कोल 17 वर्ष ग्राम पड़खुरी निवासी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था, जहाँ उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कछगवां में एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है 31 वर्षीय सुशील कोरी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### निर्माणाधीन कार्य को 15 मार्च तक पूरा करने के दिये निर्देश



**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला चिकित्सालय के भ्रमण के दौरान यहां परिसर में करीब 15 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक के भवन को 15 मार्च तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर और वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष मिश्रा सहित अन्य डॉक्टरों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्माण एजेंसी बिल्डिंग डेवलपमेंट कार्पोरेशन को जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन सड़क व ड्रेनेज सिस्टम को भी 15 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने बरही में 100 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माणाधीन भवन को भी मार्च के पहले सप्ताह तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

## सालें से बंद पड़ा बरही मैहर मार्ग पर महानदी पुल से आवागमन, यात्री परेशान

# आश्वासनों एवं पत्राचार में चार साल से अधर में लटका पुल मरम्मत का कार्य

बरही-मैहर मार्ग में छोटी महानदी पर बने पुल के दो पिलरों में हल्की दरारें आने के बाद लगभग चार साल पहले कलेक्टर के आदेश पर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था जो आज तक बहाल नहीं हो सका। पुल से आवागमन बंद होने के चलते लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीणों व यात्रियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा आवागमन तो प्रतिबंधित कर दिया गया है लेकिन इसकी मरम्मत को लेकर कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है। बसें भी पुल तक ही यात्रियों को छोड़कर वापस आ जाती है जिससे बाद यात्रियों को कई किमी का सफर पैदल ही तय करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है। किराया भी अधिक चुकाना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बरही मैहर मार्ग पर हिनौता स्थित महानदी पुल का निरीक्षण ईजीआईएस कंपनी के कंसल्टेंट इंजीनियर ने किया था। निरीक्षण के दौरान पुल में ऊपर में जिन स्थानों पर पहली बार रिहैबिलिटेशन मरम्मत का कार्य कराया गया था। उन स्थानों के दाएं और बाएं ओर स्पष्ट रूप से क्रेक देखे गए थे। इसके अलावा एक्सपांसन ज्वाइंट भी क्षतिग्रस्त पाया गया। दोनों तरफ दायी और बांयी रेलिंग का भी स्लैब सहित बरही-मैहर मार्ग पर बने पुल का नाव से पुल के नीचे जाकर भी निरीक्षण किया गया। रिबांउड हैमर से और यूपीवी की मदद से पुल के दो पिलरों की जांच की गई, जो सुरक्षित स्तर के पाए गए। लेकिन पुल के बैलेंस वैंटीलीवर स्लैब के निचले भाग में माइनर क्रैक भी तीन स्थानों पर देखे गए थे जिसके बाद कार्यपालन यंत्री ने पुल के निचले भाग में क्रैक होने की वजह से सुरक्षा और सावधानी के मद्देनजर पुल पर वाहनों के आवागमन रोकने की अनुशंसा की थी जिसके आधार पर कलेक्टर ने आकस्मिक दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर आगामी आदेश तक बरही-मैहर रोड में महानदी पर बने पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।



## प्राथमिक शाला में अव्यवस्थाओं से खतरा, जर्जर भवन के नीचे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बम्हंगवा के बाद अब ग्राम नन्हवारा कला की प्राथमिक शाला में हावी अव्यवस्थाओं ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम वासियों का कहना है कि विद्यार्थी जर्जर भवन में शिक्षा प्राप्त करने मजबूर है जिससे उनकी जान का खतरा बना हुआ है। बता दें कि शाला में शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। पत्थर और गंदगी होने के कारण बच्चे खुले में शौच के लिए झाड़ियां की आड़ लेने मजबूर है। बच्चों को कहना है कि उनसे शैक्षणिक समय पर साफ सफाई कराई जाती है और प्रधान अध्यापक द्वारा पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। शिक्षक की कथित कार्यशैली से बच्चे मानसिक रूप से भी परेशान बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है की विभाग द्वारा तत्काल निरीक्षण कर शाला एवं शौचालय की मरम्मत और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

इस संबंध में बीआरसीसी सीएस मरकाम का कहना है कि अभी इस संबंध में मुझे कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। शिकायत की जांच करवाई जाएगी। किसी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। मेरे द्वारा समस्त विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं के हित में जर्जर भवनों एवं अन्य दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र को सुरक्षित करने की निर्देश दिए गए हैं एवं शौचायलयों की साफ सफाई निरंतर कराए जाने के निर्देश किए गए हैं।

### बड़खेड़ा ग्राम में प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## शहीद राजा अमर सिंह महतो का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए है प्रेरणा स्त्रोत



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

समीपस्थ ग्राम पंचायत बडखेडा मे अमर शहीद राजा अमर सिंह महतो की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह लोधी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा का अनावरण कर की गई।प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जालम सिंह लोधी ने कहा कि, ऱशहीद राजा अमर सिंह महतो का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए जो संघर्ष किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसी महान विभूतियों की प्रतिमाएं हमें हमारे गौरवशाली इतिहास की याद दिलाती हैं और समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करती हैं।

समारोह के दौरान स्थानीय नागरिकों और समाज के प्रबुद्ध जनों ने शहीद राजा अमर सिंह महतो की वीरता के किस्से साझा किए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गगनभेदी नारों के साथ शहीद महतो को पुष्पांजलि अर्पित की।इस दौरान पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष शंकार महतो, चौधरी गोविंद लोधी, चंद्रभान सिंह लोधी, कमलेश सिंह लोधी, ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राकेश लोधी,विजय लोधी, सरपंच अंजू अशीष लोधी,महतो गंगाराम लोधी, भगवान दास लोधी, दुर्जन लोधी, शिवप्रसाद लोधी, रामप्रसाद लोधी, विजय सिंह लोधी, रामेश लोध , अशोक पटेल,मनोज लोधी, मेहरवान लोधी, कल्याण लोधी सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि और पधारे हुए सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी




जिले के सभी विकासखण्डों में 'होली के रंग, आजीविका के संग' आजीविका उत्पाद मेलों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत भवन पुरानी कचहरी परिसर के सामने तीन दिवसीय उत्पाद मेलों का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ कटनी जनपद उपाध्यक्ष जगदीश उर्मलिया ,जनपद सदस्य,प्रदीप सिंह मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा किया गया। इस दौरान कटनी जनपद के संकुल संगठन के पदाधिकारी एवं समूह सदस्यो की भी उपस्थिति रही। इस उत्पाद मेले में विकासखंड कटनी के अंतर्गत संचालित समूहों द्वारा निर्मित उत्पोदों की प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु रखा गया। जिसमे विकासखण्ड कटनी अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के समूहों द्वारा अपने हाथ से निर्मित हर्बल गुलाल,मीठा में खोबे और मेवे से निर्मित गुझिया, नमकीन, पापड़,चिप्स, हर्बल उत्पाद हैंडवाश,क्लीन वाश,हेयर सैम्पू, टॉयलेट क्लीनर,बाथरूम क्लीनर,होलिका दहन के समूह पूजा में उपयोग होने वाली पूजन सामग्री आदि विक्रय हेतु होली मेला स्टॉल से विक्रय किया जा रहा है।

## वार्डों में पहुंचकर महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, स्थायी निराकरण का दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों द्वारा उठाई जा रही मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शनिवार को रफी अहमद किदवई वार्ड एवं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड का दौरा किया। दौरे के दौरान महापौर जागृति कॉलोनी पहुंचीं, जहां उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय रहवासियों ने सड़क निर्माण एवं जलनिकासी व्यवस्था के अभाव से उत्पन्न गंभीर परेशानियों से अवगत कराया। कीचड़, जलभराव और आवागमन में बाधा जैसी समस्याओं को लेकर नागरिकों ने चिंता व्यक्त की।

महापौर ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के चरणबद्ध एवं स्थायी निराकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को भविष्य में ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

महापौर ने तिलक कॉलेज के पीछे स्थित गटागट मार्ग एवं आसपास की गलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। महापौर ने बताया कि नाली निर्माण पूर्ण होने से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान विकास सुनिश्चित करना उनका संकल्प है। जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है और इसी भावना के साथ नगर निगम निरंतर सक्रियता से कार्य कर रहा है।

## मिलावट की जांच करने अधिकारियों ने लिये खाद्य पदार्थों के 35 नमूने

**कटनी।** होली एवं ईदुलफितर के अवसर पर नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्ता0पूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्धि कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार के खाद्य सुरक्षा अधिकारियो की टीम द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों के दुकानों की जांच हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत विगत एक सप्ताह में 35 नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि इनमें राजस्थान मिष्ठान भंडार दुर्गा चौक कटनी से बेसन लड्डू, आटा लड्डु,बर्फी, छेना रसगुल्ला के नमूने लिये गये। इसी प्रकार शिवम स्वीट ढीमरखेड़ा से मावा, पेठा, कृष्णा डेयरी स्वीट से मगज लड्डूऔर गागा होटल उमरिया पान से खोवा के नमूने लिये गये। जबकि साक्षी स्वीट माधवनगर से काजू पतासा,मैसूर पाक,एल एम प्रोविजन स्वीट से नमकीन एवं लड्डु,बीकानेर स्वीट से मूंग बर्फी,गुझिया, खोवा मंडी कटनी स्थित बाहुबली खोवा से खोवा,पनीर,केशरवानी खोवा से खोवा,क्रीम,सरावगी कमीशन एजेंट से फ्लेक्सी क्रीम के नमूने लिये गये। इसी प्रकार विलायत कला स्थित बच्चा होटल से खोवा बर्फी,रसगुल्ला,श्रीराम स्वीट से खोवा बर्फी, विजयराघवगढ़ स्थित सरगम स्वीट मार्ट से खोवा,पेड़ा, बीकानेर मिष्ठान भंडार से रसगुल्ला,छेना मिठाई,खोवा के नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए गए है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पैसे मिलने के बाद भी आवास निर्माण नहीं करने वाले 1304 हितग्राहियों के कटेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत किस्ते प्रदान करने के बाद भी जिले के जिन 1304 हितग्राहियों ने अभी तक आवास निर्माण नहीं किया है, उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को 5 मार्च तक इन सभी हितग्राहियों का पुर्नसत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक के ऐसे आवास हितग्राही जो किस्त प्राप्त होने के लगभग 4 से 8 वर्ष बाद भी आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उन्हें शासन के निर्देशानुसार केटेगरी ए, बीऔर सीमें चिन्हित किया गया था। ऐसे हितग्राही जिनकी रुचि अभी भी प्राप्त किस्त उपरांत आवास निर्माण में नहीं है, पुर्नसत्यापन उपरांत उन्हे पोर्टल से डिलीट किया जाना है, जिसके उपरांत उन्हे न तो आगामी किस्त की राशि, न ही अन्य नवीन आवास का भविष्य में लाभ मिल पायेगा।

### जिपं सीईओ ने 5 मार्च तक हितग्राहियों का पुर्नसत्यापन करने के दिये निर्देश

जनपद पंचायतवार स्थिति के अनुसार सबसे अधिक ढीमरखेड़ा में 293 और विजयराघवगढ़ में 281 ऐसे मामले सामने आए हैं। इसी प्रकार बहोरीबंद में 273,बड़वारा में 175,रीठी में 152औरकटनी में 130ऐसेप्रकरण हैं।

पोर्टल से नाम हटा दिए जाने के बाद इन हितग्राहियों को न तो वर्तमान आवास की अगली किस्त मिलेगी और न ही भविष्य में किसी नवीन आवास योजना का लाभ मिल सकेगा। प्रशासन ने इच्छुक हितग्राहियों को निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर अगली किस्त प्राप्त करने का अंतिम अवसर दिया है।

### कलेक्टर ने किसानों निश्चित समयावधि में पंजीयन कराने की अपील

## जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन 7 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन प्रारंभ है। किसान भाई 7 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने किसान भाइयों से समयावधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रोंपर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

### आधार लिंक नंबर रहे अपडेट

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों में भी किसान जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सकते हैं। इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन जेईटी पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा।

पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा।

## 135 लीटर अवैध शराब की गई जब्त, युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पुलिस ने ग्राम भगनवारा के पास एक मकान से 135 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 75 हजार रुपये बताई जा रही है।

जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि बछौली रोड पर एक मकान के पीछे बने शौचालय में भारी मात्रा में शराब बिक्री के लिए छिपाकर रखी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल ने टीम के साथ मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान वहां से 135 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से अतुल मेहरा 26 वर्ष निवासी ग्राम कुर्रो पिपरिया थाना खितौला, जिला जबलपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. कृष्ण कुमार पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, सउनि विक्रम सिंह, प्रआर. पवनराज, आरक्षक दीपक सिंह एवं सुरेन्द्र ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

**बड़वारा।** पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस के अनुसार गत सुबह करीब 7 बजे ग्राम बसाड़ी मोड़ पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को संदिग्ध अवस्था में रेत से भरा हुआ पाया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम आनंद पटेल (30 वर्ष), निवासी ग्राम बसाड़ी, थाना बड़वारा बताया। पुलिस द्वारा रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज एवं ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन चालक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। जांच में अवैध रूप से रेत परिवहन किया जाना पाया गया। मौके पर गवाहों की उपस्थिति में आईशर सिल्वर कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 ZC 9545) मय रेत से भरी ट्रॉली को विधिवत पंचनामा तैयार कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया। जब्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, एएसआई सतेंद्र सिंह एवं प्रधान आरक्षक नितेश डोगरे की विशेष भूमिका रही।जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### विद्युत समस्या का निदान कराने पर विधायक का जताया आभार

**बड़वारा।** विद्युत समस्या का निराकरण कराये जाने हेतु बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह का एवं विद्युत विभाग का देवरी हटाई भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन पाण्डेय एवम क्षेत्रीय जनों ने आभार व्यक्त किया है। जन सामान्य में चर्चा की जा रही है एवम हर्ष व्यक्त किया जा रहा है कि देवरी हटाई सबस्टेशन में लगे 3.5 एमवीए ट्रान्सफार्मर की क्षमता को बढाकर 28/02/26 को 5 एमवीए लगाया गया जिससे क्षेत्र के ग्राम, सलैया, हीरापुर कौड़िया केवलारी, गाताखेड़ा, पिपरिया, हिरवारा, कटंगीकलॉं, एवं झलवारा सहित अन्य ग्रामों में लो वोल्टेज की समस्या का निदान होगा एवं कृषकों को पर्याप्त मात्रा में वोल्टेज की समस्या से निदान हो सकेगा एवं देवरी हटाई से निकलने वाले समस्त फीडरो से जुड़े ग्रामों को लाभ होगा यह क्षेत्र की बहुचर्चित मांग थी जिसे पूर्ण कराने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष उल्लास की लहर है एवं बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह का सभी क्षेत्र वासियों की ओर से आभार व्यक्त किया गया है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण

**कटनी।** कैमोर में जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। परियोजना में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 15 दिवसीय कौशल तकनीकी कार्य एवं मीटर रीडिंग संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल प्रदाय प्रणाली से संबंधित तकनीकी कार्य, मीटर रीडिंग, संचालन एवं रख-रखाव से जुड़े आवश्यक व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

## होलिका दहन को लेकर तैयारियां पूर्ण, पर्व के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

# होलिका दहन में भद्रा और धुरेड़ी में चन्द्रगहण का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

रंगों एवं आपसी भाईचारे के पर्व होली को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। पांच दिवसीय पर्व सोमवार को होलिका दहन के साथ शुरू हो जाएगा। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में होली दहन को लेकर तैयारिया भी पूर्ण हो गई है।स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन को लेकर समितियों के द्वारा लकड़ी,कंडे एकत्रित कर व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही होलिका की प्रतिमा भी विराजित कर दी गई है।

होली के रंग में भंग न पड़े, इसके लिए पुलिस विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है।थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र मैं अमन-चैन बना रहे इसके लिए फिक्स प्वॉइंट चिन्हित कर लिए गए है।साथ थाना क्षेत्र के लिए अतिरिक्त पेट्रोलिंग मोबाइल की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी भी थाना क्षेत्रों का निरीक्षण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दे रहे है।

रविवार की रात थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने पुलिस कर्मियों के साथ थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग की।थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने बताया कि होली पर्व को लेकर पुलिस अपराधियों की कुंडली तैयार कर रही है। पर्व पर विवाद करने वालों को चिह्नित कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। हॉट स्पॉट्स भी चिह्नित कर लिए गए हैं, जिससे



वहां सतत निगरानी की जा सके।

5 दिवसीय रंगो का पर्व होली सोमवार से शुरू होगा। इसे लेकर बाजार सज धज तैयार हो गया है। बच्चों को लुभाने के लिए पिचकारियों की नई -नई वैरायटी बाजार में आई है। व्यापारी वर्ग ने होली पर्व को लेकर तैयारियां शुरु कर दी हैं। नगर के गांधी चौक के साथ ही अन्य स्थलों में दुकानें सजनी लगी हैं। इस बार होलिका दहन में भद्रा और धुरेड़ी में चन्द्रगहण का साया है।


पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि होलिका दहन 2 मार्च को है। इस दिन शाम 5.18 बजे से भद्रा प्रारंभ हो जाएगा जो दूसरे दिन सुबह 4.56 तक रहेगी। वहीं 3 मार्च को धुरेड़ी के दिन चन्द्रगहण होने की वजह से सूतक काल सुबह 9 बजे से प्रारंभ हो जाएगा, इसके बाद चन्द्रग्रहण का जो समय होगा वह 6 बजे से 6.48 के बीच रहेगा। ऐसे में 3 मार्च की जगह 4 मार्च को धुरेड़ी पर्व मनाया जाएगा।

रंग गुलाल एवं पिचारियों से सजा बाजार

रंगोत्सव को लेकर पिचकारियों व रंगो की दुकानें सजने लगी हैं। इस बार बच्चों को लुभाने के लिए गदा, त्रिशूल, सर्प, मशीन गन, अबीर पिचकारी, सिलेण्डर, टैंक पिचकारियां बाजार में बड़ी तादाद में आई हैं। इसके अलावा कलर स्मोक, स्प्रे, हर्बल रंग व गुलाल की दुकानें सज रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि उनके पास 20 रुपए से लेकर 900 रुपए तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा नई-नई डिजाइन के मुखौटे भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### लघु वृंदावन धाम में पहले श्री कृष्ण-राधे के साथ खेली जाती है फूलों की होली

लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में होलिका दहन कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया जाता है। इस मंदिर में होली पर होलिका की मूर्ति व लकड़ियों की जगह पेड़ के सूखे पत्तों और गाय के गोबर से बने कंडों का दहन किया जाता है। खास बात यह है कि यहां होलिका दहन के पूर्व मंदिर मे श्रीराधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली जाती है फिर होलिका दहन किया जाता है। गांव के सभी लोग सामूहिक रूप से इस आयोजन में सम्मिलित होते है। होलिका दहन के बाद सभी भक्त मंदिर परिसर में एक



दूसरे को होलिका की राख का तिलक लगाते हैं। गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हैं।कहा जाता है कि इसमें समाज को जंगल, पर्यावरण बचाने और गंदगी दूर भगाने का संदेश भी छिपा है। सभी निष्ठा से सहभागिता करते हैं।लघु वृंदावन धाम मैं खेली जाएगी बृज होली-मंदिर समिति के सदस्य नवनीत चतुर्वेदी, ने बताया कि सोमवार को लघु वृंदावन धाम में बृज की होली खेली जाएगी। जहां ब्रज की होली की झलक देखने को मिलेगी।ब्रज होली में गांव के सभी लोग सम्मिलित होंगे। राधा-कृष्ण मंदिर मे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर ब्रज होली की शुरुआत की जायेगी। ब्रज होली को लेकर रविवार को समिति सदस्यों के द्वारा तैयारी की जाती रही।



## पूर्ण समर्पण के साथ ईश्वर की भक्ति से मिलता है सुख शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आधारकाप स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की गीता पाठशाला में प्रभारी तृप्ति बहन के नेतृत्व और सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी के मार्गदर्शन में शिव ध्वजारोहण का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लक्ष्मी दीदी ने बताया परमात्मा की स्मृति चिन्ह का यह झंडा शांति व शक्ति का प्रतीक है । परमात्मा सुख, शान्ति, आनन्द और प्रेम के भण्डार हैं। इसलिए उनका सही परिचय जानकर उनके साथ योग लगाने से ही हमारे जीवन में पवित्रता, सुख और शान्ति आएगी। उन्होंने आगे कहा कि सभी धर्मों के अनुसार परमात्मा निराकार और ज्योर्तिबिन्दु स्वरूप है । निराकार का मतलब यह नहीं है कि परमात्मा का कोई रूप नहीं है। बल्कि अशरीरी होने के कारण हम शरीरधारियों की भेंट में उन्हें निराकार कहा गया है।

परमात्मा को आंखों से नहीं देख सकते हैं किन्तु राजयोग मेडिटेशन के द्वारा उनके गुणों और शक्तियों का अनुभव किया जा सकता है । दीदी ने आगे परमात्मा का परिचय देते हुए कहा कि हिन्दु धर्म में परमात्मा शिव की निराकार प्रतिमा शिवलिंग के रूप में देखने को मिलती है। ज्योतिस्वरूप होने के कारण उन्हें ज्योर्तिलिंग भी कहा जाता है। मुस्लिम धर्म के अनुयायी उन्हे नूर-(अर्थात ज्योति)-ए-इलाही कहते हैं। इसाई धर्म को मानने वाले परमात्मा को दिव्य ज्योतिपुंज मानते हैं, सिख धर्म के अनुगामी उन्हे एक ओंकार निराकार कह महिमा करते हैं। दीदी ने आगे बतलाया कि परमात्मा तीन देवताओं ब्रह्मा, विष्णु और शंकर की रचना कर उनके द्वारा नयी सतोप्रधान दुनिया की स्थापना, पालना और पुरानी तमोप्रधान दुनिया का संहार का कार्य कराते हैं। तीन देवताओं का रचयिता होने के कारण उन्हें त्रिमूर्ति कहा जाता है। इसीलिए शिवलिंग के ऊपर तीन रेखाएं खींचते हैं।

### निगमाध्यक्ष ने सीवर लाइन कार्य का किया निरीक्षण

## कार्य में लापरवाही नहीं बरतने दी हिदायत, गुणवत्ता के साथ समय सीमा में करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत मदन मोहन चौबे वार्ड में महाजन टाल से नितिन के घर तक प्रगति पर चल रहे सीवर लाइन कार्य का निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गति एवं सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगम अध्यक्ष श्री पाठक ने वाटरिंग,जी.एस.पी एवं रेस्टोरेशन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में पूर्ण करने हेतु संबंधित सीवर प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि हार्दिक पटेल एवं पार्थ पटेल को स्पष्ट निर्देश



दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें । श्री पाठक नें कहा कि सीवर परियोजना जनसुविधा से सीधे जुड़ी है, अतः गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना कार्य पूर्ण किया जाए।

श्री पाठक नें निरीक्षण के दौरान वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। क्षेत्रीय दरोगा अमर को निर्देशित किया है कि,नालियों की नियमित एवं प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कचरा संग्रहण की व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ रहना आवश्यक है, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निगम अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि नगर वासियों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ संपादित किया जाए।

निगम अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम जन सुविधाओं के संवर्धन हेतु सतत प्रतिबद्ध है तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## विद्यार्थियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सलीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मिट्टी की वह क्षमता जिसके द्वारा वह एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में कार्य करती है और पौधों पशुओं तथा मनुष्यों को पोषण देती है यह केवल मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों की मात्रा से नहीं बल्कि उसकी जैविक और भौतिक संरचना से भी संबंधित है। स्वस्थ मिट्टी जैविक खेती और टिकाऊ कृषि की नींव है। इसके अंतर्गत मिट्टी की उर्वरता सूक्ष्मजीवों की सक्रियता संरचना और जलधारण क्षमता पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है। जैविक खेती में मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए कार्बनिक खाद का प्रयोग गोबर की खाद, कंपोस्ट खाद, वर्मी कंपोस्ट, हरी खाद, फसल चक्र, जैव उर्वरक, आच्छादन खेत की जुताई और संरचना संरक्षण, पशु आधारित कृषि सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रबंध, जल प्रबंधन एवं जैविक कीट नियंत्रण एवं भारत में मृदा स्वास्थ्य सुधार हेतु शासन द्वारा किए गए रहे प्रयासों के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम तथा कई राज्य में जैविक मिशन सिक्किम, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश आदि की जानकारी दी गई।

## खाद बीज एवं जानकारी लेने के लिए किसानों को होना पड़ रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

कृषि विभाग की बिल्डिंग जहां पहले कृषि विभाग का कार्यालय था वह बिल्डिंग खंडहर नुमा नजर आ रही है बिल्डिंग के प्रांगण में झाड़ झंखाड़ फैले हैं जिसके चलते बड़वारा ग्राम से एक किलोमीटर दूर जगतपुर उमरिया में मृदा परीक्षण केंद्र के दफ्तर में कृषि विभाग का कार्यालय बनाया गया है।

बड़वारा ग्राम से दूर कृषि विभाग का कार्यालय खुलने से क्षेत्र के कृषक जानकारी के अभाव में व विभाग के द्वारा योजनाओं की जानकारी नही देने से शासन के द्वारा दिये जाने वाले बीज समय पर नही प्राप्त कर पाते हैं। शासन के निर्देश हैं कि ग्रामीण कृषि विकास



अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करें व शासन द्वारा किसानों को दिए जाने वाले बीज को कार्यालय एवम कार्य क्षेत्र में वितरण करवाएं किन्तु बड़वारा कृषि विभाग कार्यालय में मनमानी हावी है। कुछ ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में किसानों को बीज वितरण करवाने की जगह अपने घर से वितरण करते हैं। विभाग के उच्च अधिकारियों की अनदेखी के चलते बड़वारा के जगतपुर उमरिया में बने मृदा परीक्षण केंद्र में संचालित कृषि विभाग का कार्यालय कभी भी समय से नही खुलता है जिसके चलते क्षेत्र के कृषक परेशान रहते हैं। शासन के नियमानुसार कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के नाम व उनके पद सहित जानकारी बोर्ड में चस्पा की जानी चाहिए किन्तु ऐसा नही किया गया है। शासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए बीज उनकी मात्रा, प्राप्त स्टॉक, वितरण किये गए बीजों की मात्रा, शेष स्टॉक की जानकारी भी बोर्ड में लिखी जानी चाहिए जिससे पारदर्शिता बनी रहे व अन्नदाता सुविधा पूर्वक तथा सरलता से

### तिलक महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं एवं संगोष्ठी का आयोजन

## विज्ञान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से समानता एवं प्रगति को मिल रही नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर "विज्ञान में महिलाओं की भूमिकाः विकसित भारत की प्रेरक शक्ति" विषयक संगोष्ठी एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोबेल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक सी वी रमन को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनके वैज्ञानिक योगदान और 'रमन प्रभाव' की ऐतिहासिक खोज को याद किया गया। विकसित भारत की प्रेरक शक्ति विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य विज्ञान के महत्व, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार तथा विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना था।



संगोष्ठी में समाजशास्त्र विभाग से डॉ. आर.पी. मिश्रा ने विज्ञान को सामाजिक परिवर्तन और तार्किक चेतना का आधार बताते हुए कहा कि विज्ञान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज में समानता और प्रगति की नई दिशा प्रदान करती है।

भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. एम.पी. यादव ने विज्ञान एवं तकनीकी नवाचार को विकसित भारत की आधारशिला बताया तथा छात्र-छात्राओं को अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित किया।

अंग्रेजी विभाग से जी.एम. मुस्तफा ने विज्ञान के प्रभावी संप्रेषण में भाषा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की वैज्ञानिक उपलब्धियों को व्यापक रूप से सामने लाना आवश्यक है, ताकि नई पीढ़ी प्रेरित हो सके।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और रचनात्मकता को अपनाने का आह्वान किया तथा छात्राओं को विज्ञान में नेतृत्व की भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जय शंकर सिंह, सहायक प्राध्यापक (प्राणिशास्त्र विभाग), शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढार ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना तभी साकार होगी, जब विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं को समान अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य विज्ञान जैसे क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

### महिला सशक्तिकरण आयाम, मुद्दे और प्राथमिकताएं विषय पर हुई संगोष्ठी

## कार्यस्थल पर चुनौतियां, घरेलू हिंसा, शिक्षा पर विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में ₹महिला सशक्तिकरणः आयाम, मुद्दे और प्राथमिकताएं₹ विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। यह दो दिवसीय संगोष्ठी 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के विविध पहलुओं, मौजूदा चुनौतियों तथा भविष्य की प्राथमिकताओं पर गहन चिंतन-मनन एवं विचार-विमर्श करना था।

डॉ. ए.के. सिंह (सीईएसडी, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश), डॉ. सनत कुमार शर्मा (साउथ बिहार सेंट्रल विश्वविद्यालय, गया), डॉ. नुपुर निखिल देशकर (सहायक प्राध्यापक, मानकुँवर बाई कला एवं



वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर), डॉ. उमा निगम, डॉ. माधुरी गर्ग (प्राध्यापक, हिंदी, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी), डॉ. रितिका साहनी आहुजा (कटनी कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय), डॉ. पारस जैन (डायरेक्टर, सिलकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज), डॉ. संध्या खरे (प्राचार्य, नालंदा बी.एड. कॉलेज), सुश्री वनश्री कुर्वेती (सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, कटनी), सुश्री अंकिता तिवारी (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा) आदि प्रमुख थे।

इस राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, बिहार सहित विभिन्न राज्यों से विषय विशेषज्ञ, विद्वान, प्राध्यापक तथा शोध छात्र-छात्राएँ सक्रिय रूप से शामिल हुए। कटनी जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में महिला सशक्तिकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, कानूनी एवं सांस्कृतिक आयामों पर गहन चर्चा हुई। द्वितीय दिवस के तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. ए. के. सिंह ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सनत कुमार शर्मा तथा रिपोर्टरियर के रूप में डॉ. दीपक भगवान पाटिल (जलगांव, महाराष्ट्र) उपस्थित रहे। इस सत्र में डॉ. नुपुर निखिल देशकर, डॉ. रितिका साहनी आहुजा सहित अन्य विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए तथा महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर विचार व्यक्त किए।

चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. सनत कुमार शर्मा ने की। विषय विशेषज्ञ डॉ. ए.के. सिंह तथा रिपोर्टरियर डॉ. अर्पित द्विवेदी रहे। इस सत्र में डॉ. गढ़पत ढेबरे, डॉ. नितिन कुमार पटेल, डॉ. दीपक भगवान पाटिल, डॉ. अर्पित द्विवेदी, कुमारी शिल्पी सिंह, कुमारी रचना नवानी आदि ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर संगोष्ठी को समृद्ध किया। प्रतिभागियों ने महिला शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर चुनौतियाँ तथा नीतिगत सुधारों जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला।

विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरण तभी संभव है, जब शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में छात्राओं के लिए अधिक से अधिक सुविधाएँ, संसाधन एवं अवसर उपलब्ध कराए जाएँ।

## कलेक्टर ने सौंपा नवीन कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रशासकीय एवं कार्यालयीन कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में पदस्थ तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को नवीन कार्य दायित्व सौंपकर पदस्थापना आदेश जारी किया है। इसके अनुसार प्रभारी तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी को कटनी शहर के तहसीलदार का दायित्व सौंपा गया है। जबकि प्रभारी तहसीलदार बहोरीबंद नेहा जैन को नजूल तहसीलदार कटनी के रूप में नवीन पदस्थापना की गई है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक प्रभारी तहसीलदार कटनी नगर आशीष अग्रवाल को प्रभारी तहसीलदार बहोरीबंद का कार्यालय प्रमुख और राजस्व न्यायालयीन कार्य का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला को प्रभारी तहसीलदार विजयराघवगढ़ वृत्त विजयराघवगढ़ एवं कारीतलाई का तथा प्रभारी तहसीलदार ढीमरखेड़ा आकांक्षा चौरसिया को प्रभारी तहसीलदार रीठी और प्रभारी तहसीलदार तहसील स्लीमनाबाद सारिका रावत को प्रभारी तहसीलदार तहसील बहोरीबंद एवं स्लीमनाबाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गैर न्यायालयीन का दायित्व सौंपा है।

इसके अलावा नायब तहसीलदार नगर वृत्त कन्हवारा अवंतिका तिवारी को नायब तहसीलदार वृत्त कन्हवारा का राजस्व न्यायालयीन कार्य, नायब तहसीलदार कटनी ग्रामीण अतुलेश सिंह को प्रभारी तहसीलदार कटनी ग्रामीण के तौर पर कार्यालय प्रमुख व राजस्व न्यायालयीन कार्य का नवीन दायित्व सौंपा गया है। प्रभारी तहसीलदार रीठी संदीप सिंह को नायब तहसीलदार कटनी नगर गैर न्यायालयीन, अनुराधा सिंह प्रभारी तहसीलदार बड़वारा को नायब तहसीलदार तहसील रीठी वृत्त बिलहरी और राजस्व न्यायालयीन कार्य का दायित्व सौंपा है। जबकि नायब तहसीलदार बड़वारा गैर न्यायालयीन ऋषि गौतम को प्रभारी तहसीलदार तहसील बड़वारा, वृत्त बड़वारा एवं विलायतकला का राजस्व न्यायालयीन कार्य व कार्यालय प्रमुख का दायित्व एवं प्रभारी तहसीलदार बरही आदित्य प्रकाश द्विवेदी को प्रभारी तहसीलदार बरही वृत्त बरही एवं पिपरिया कला का राजस्व एवं न्यायालयीन कार्य व राजस्व प्रमुख तथा नायब तहसीलदार ढीमररखेड़ा साक्षी शुक्ला को नायब तहसीलदार कटनी नगर गैर न्यायालयीन, नायब तहसीलदार विजयराघवगढ़ गैर न्यायालयीन आशीष चतुर्वेदी को नायब तहसीलदार कटनी ग्रामीण और संपूर्ण कटनी ग्रामीण तहसील के गैर न्यायालयीन कार्य के साथ-साथ हीरापुर कौड़िया का राजस्व न्यायालयीन कार्य सौंपा गया हैं।

खास बातें

## फरार गिरफ्तारी वारंटी को किया गिरफ्तार

**दमोह।** माननीय न्यायालय तसलीम निजामी जेएमएफसी महोदय दमोह द्वारा प्रकरण क्रमांक 995/25 में आरोपी रतन सींग लोधी के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया गया था जो वारंट थाना पर प्राप्त होते ही वारंटी की तलाश पतारसी हेतु हरसंभव प्रयास किये गये जिसके परिणाम स्वरूप नोहटा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंटी रतन सींग पिता नारायण सींग लोधी उम्र 27 साल निवासी सलैया चौबीसा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में उनि अभिषेक पटैल थाना प्रभारी नोहटा, प्रआर. 404 सूरत सिंह, प्रआर 284 प्रवीण सेन, आर. 276 संतोष की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शराब पिलाकर मारपीट, दोस्ती में गाली पड़ी भारी

**छतरपुर।** जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाडगांव में दोस्तों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। पहले साथ बैठकर शराब पी गई, जिसके बाद गाली-गलौज को लेकर विवाद बढ़ा और मामला थाने तक पहुंच गया। फरियादी पुष्पेंद्र रैकवार, निवासी पहाडगांव, ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके साथ मारपीट की गई। मामले में प्रेमलाल कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा तथा राकेश कुशवाहा (पिता अच्छेलाल कुशवाहा) के खिलाफ नामजद शिकायत की गई।

# आज होलिका दहन, घर-घर तैयार हुए गोबर के बरूले, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

आज होलिका दहन के पावन अवसर पर क्षेत्र में पारंपरिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। गांवों में घर-घर महिलाएं और बच्चे गाय के गोबर से बनाए गए कंडे (बरूले) लेकर होलिका स्थल की ओर पहुंच रहे हैं। हिंदू परंपरा में कंडों की होली जलाने का विशेष महत्व माना गया है। इसी परंपरा को निभाते हुए लोगों ने इस वर्ष लकड़ी के स्थान पर गोबर के बरूलों से होलिका दहन करने का संकल्प लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे जहां हमारी संस्कृति सुरक्षित रहती है, वहीं पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान मिलता है।

### परंपरा और प्रकृति का संगम

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि होली से कई दिन पहले से ही घरों में गोबर के बरूले बनाने की तैयारी शुरू हो जाती है। बच्चे भी उत्साहपूर्वक इस कार्य में भाग लेते हैं। यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी सिखाने का माध्यम भी है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि होलिका दहन में लकड़ी का अधिक उपयोग होगा तो पेड़ों की कटाई बढ़ेगी, जिससे जंगलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में कंडों की होली जलाना पर्यावरण के हित में बेहतर विकल्प है। आज बनवार क्षेत्र में होलिका दहन के साथ यह संदेश भी दिया जा रहा है कि त्योहारों को परंपरा और प्रकृति के संतुलन के साथ मनाया जाए, ताकि संस्कृति भी सुरक्षित रहे और पर्यावरण भी।

## गायब हो रही गली-मोहल्लों से फाग गीतों की परंपरा, आयोजकों और गायकों ने बदला फागोत्सव का ट्रेंड

**हटा।** रंगों के पर्व होली के आगमन से लगभग एक सप्ताह पूर्व गांवों में रात के सन्नाटे को चीरती नगाड़ों की गूंज और होलिका गीतों की स्वर-लहरियां कभी सामान्य दृश्य हुआ करती थीं, लेकिन अब यह परंपरा लगभग गायब नजर आ रही है। ग्रामीण अंचलों में वर्षों से चली आ रही यह सांस्कृतिक परंपरा अब फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। समय के साथ शहर ही नहीं ग्रामीण अंचल में भी फाग गीत गायन करने वाली टोलियों से जुड़े कलाकार भी आधुनिक स्टूमेंट्स के साथ होली मिलन, प्रतियोगिताओं और फागुन उत्सव के आयोजनों के लिए मिलने वाली बुकिंग के जरिए नए ट्रेड से जुड़ने लगे है। परंपरा अब सिर्फ रस्म निभाने तक सिमट गई है। इसे निभाते हुए भावी पीढ़ी को फाग गीतों और उत्सव से जोडने के लिए स्टेज प्रोग्राम करने लगे हैं। लेकिन अब अच्छी बात यह है कि अब महिलाओं की टोली भी सामने आने लगी हैं। पुरुषों की तरह कुछ टोलियों ने आधुनिक साजो-सामान के साथ उत्सव को फागोत्सव का रूप देना शुरू किया है। हटा शहर के नए और पुराने कलाकारों ने बताया कि अब नई टोलियों ने नगाड़ा के साथ आर्गन जैसे वाद्ययंत्रों के साथ फाग गायन की परंपरा शुरू हो गई है। पहले गांव के युवक रात्रि भोजन के बाद एक स्थान पर एकत्रित होकर नगाड़ा बजाते, पारंपरिक होलिका गीत गाते और सामूहिक नृत्य करते थे। इन आयोजनों से न केवल उत्सव का माहौल बनता था, बल्कि आपसी भाईचारा और सामाजिक एकजुटता भी मजबूत होती थी। बुजुर्गों का कहना है कि यह परंपरा नई पीढ़ी को लोक-संस्कृति से जोड़ने का माध्यम थी। नगाड़ों की थाप पर गूंजते फाग गीत गांव के वातावरण में उत्साह भर देते थे। लेकिन बदलते समय, आधुनिक मनोरंजन साधनों और युवाओं की व्यस्त जीवनशैली के कारण यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते इन लोक परंपराओं को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक विरासत से वंचित रह जाएंगी। होली जैसे पारंपरिक पर्व पर नगाड़ों की थाप और सामूहिक गीत-संगीत गांवों की पहचान हुआ करती थी, जिसकी कमी इस अब स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है।

### नोहटा के कुलुवा पट्टी में मासूम हत्याकांड

## एक दिन बाद भी सुलग रहा दर्द, आरोपी सलाखों के पीछे

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलुवा पट्टी गांव में 5 वर्षीय मासूम देवेंद्र की हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। घटना के एक दिन बाद भी गांव का माहौल गमगीन है। जिस आंगन में कुछ दिन पहले शादी की खुशियां थीं, वहां अब मातम पसरा है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम देवेंद्र खाना खाने के बाद गांव के चबूतरे पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान गांव के युवक सतीश आदिवासी ने अचानक उस पर डंडों से हमला कर दिया। बच्चे घबराकर भागे और ग्रामीणों को सूचना दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### इकलौता बेटा, उजड़ गया परिवार

मृतक के पिता भगत सिंह ने रोते हुए बताया कि छह वर्ष पहले उनकी शादी संगीता सिंह से हुई थी और देवेंद्र उनकी इकलौती संतान था। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले पिता का सपना था कि बेटा पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बने, लेकिन एक झटके में सब खत्म हो गया। परिवार ने बताया कि 24 फरवरी को छोटे भाई बबलू की शादी हुई थी। घर में अभी रिश्तेदार मौजूद थे। खुशियों के बीच यह दर्दनाक घटना पूरे परिवार को तोड़ गई। मां संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी का व्यवहार पहले भी सामान्य नहीं था। कुछ लोग इसे पुरानी रंजिश से जोड़ रहे हैं, तो कुछ इसे सनक में की गई वारदात बता रहे हैं। हालांकि हत्या की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### नदी पार कर भागा, पुलिस ने दबोचा

एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया के मुताबिक वारदात के बाद आरोपी ब्यारमा नदी तैरकर पार कर जुझार की ओर भाग गया था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है और हत्या का मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पूरे गांव में सन्नाटा है और हर किसी की जुबान पर एक ही सवाल—आखिर एक मासूम की जिंदगी इतनी बेरहमी से क्यों छीन ली गई? परिवार ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई है। गांव आज भी उसी सदमे में डूबा है, जहां एक मासूम की खिलखिलाहट हमेशा के लिए खामोश हो गई।

## वन परिक्षेत्रों में पलाश एवं सेमर के फूलों की बहार



**तेंदूखेड़ा।** फागुन माह में वन परीक्षेत्रो के जंगलों में पलाश एवं सेमर के पेड़ों पर फूलों की अनुपम बहार छा गई है। जंगल क्षेत्र में खिले इन आकर्षक फूलों ने समूचे वातावरण को रंगीन और मनोहारी बना दिया है। दूर-दूर तक फैले पलाश के गहरे केसरिया फूल तथा सेमर के लाल पुष्प प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसे देखने के लिए क्षेत्रवासी एवं प्रकृति प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही पलाश के फूल विशेष रूप से अपनी चमकदार आभा के कारण सबका ध्यान आकर्षित करते हैं। भारतीय संस्कृति में पलाश का विशेष महत्व है। होली पर्व के अवसर पर प्राचीन समय में जब रासायनिक रंग एवं गुलाल प्रचलन में नहीं थे, तब पलाश के फूलों से प्राकृतिक रंग तैयार कर लोग होली खेलते थे। यह परंपरा पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक जीवन शैली का प्रतीक रही है। इसी प्रकार सेमर के विशाल वृक्षों पर खिले लाल फूल भी जन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सेमर के फूल न केवल सौंदर्य बढ़ाते हैं, बल्कि जैव विविधता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। इन फूलों पर मधुमक्खियां एवं पक्षी बड़ी संख्या में मंडराते देखे जा सकते हैं, जिससे वन क्षेत्र की पारिस्थितिकी संतुलित रहती है। वन विभाग द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे इस प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण करें तथा फूलों एवं वृक्षों को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचाएं। वन परीक्षेत्रो में खिले पलाश एवं सेमर के फूल प्रकृति के अद्भुत रंगों का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं, जो आमजन के मन को आनंदित एवं प्रफुल्लित कर रहे।

## भूसा की ओवरलोड ट्रॉलियों से लगने वाले जाम पर नगरवासियों में रोष



**तेंदूखेड़ा।** नगर में इन दिनों भूसा से भरी ओवरलोड ट्रॉलियों के कारण मुख्य मार्गों सहित अंदरूनी गलियों में लगातार जाम की स्थिति बन रही है। नगर के प्रमुख बाजार, बस स्टैंड मार्ग तथा रिहायशी क्षेत्रों में दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। संकरी गलियों में ओवरलोड ट्रॉलियों के प्रवेश करने से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। नगरवासियों का कहना है कि सुबह से लेकर देर शाम तक भूसा परिवहन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मुख्य मार्गों से गुजरती हैं, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों, व्यापारियों एवं आम वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार जाम की स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। ओवरलोड ट्रॉलियों से भूसा सड़क पर गिरने के कारण धूल और गंदगी फैलती है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है तथा राहगीरों को असुविधा हो रही है। स्थानीय व्यापारीयो रत्नेश जैन गोविंद राय और सामाजिक संगठनों तेजी सिंह, बबलू ने प्रशासन से मांग की है कि नगर क्षेत्र में भूसा परिवहन के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। नगरवासियों की प्रमुख मांग है कि भूसा की ट्रॉलियों का परिवहन केवल रात 8:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक ही किया जाए, ताकि दिन के समय यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। साथ ही ओवरलोडिंग पर सख्ती से रोक लगाने और नियमित जांच अभियान चलाने की भी मांग की गई है। नगर के गणमान्य नागरिकों अजय शर्मा, महेश मंगलम, लखन यादव उत्तम विश्वकर्मा का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं करता है तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आवश्यकता पड़ने पर वे सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर आंदोलन का रास्ता भी अपनाएंगे। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील की है, ताकि तेंदूखेड़ा नगर में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

## रनेह साहू समाज की बैठक संपन्न

**रनेह।** साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती समारोह को भव्यता से मनाने साहू समाज की बैठक कालूराम कोटिया के निज निवास पर आयोजित की गई। बैठक में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में 15 मार्च रविवार को मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती मनाने के संदर्भ में सामाजिक बंधुओ ने अपने विचार रखे। सभी ने सर्वसम्मति से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रनेह में मां कर्मा देवी की 13वीं जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की बात रखी। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया 15 मार्च रविवार को प्रातः 10:00 बजे श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश मंदिर परिसर में मां कर्मा देवी की आरती पश्चात भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण कर पुनः कौशलाधीश मंदिर पहुंचेगी, जहां मंचीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रित अतिथि उद्बोधन सम्मान समारोह के बाद विशाल भंडारे के साथ समापन किया जाएगा।

## होली पर्व पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

रनेह, पुलिस अनुविभाग हटा अंतर्गत आने वाले थाना रनेह में आगामी होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार राजेश कुमार सोनी, थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने अपील की होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्योहार है, जिसे सभी को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष गश्त की जाएगी तथा हुड़दंग की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, नशाखोरी, जबरन रंग लगाने एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व पारंपरिक मर्यादा एवं भाईचारे के साथ मनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक के दौरान उपस्थित जनों को होली का पर्व शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। सभी समुदायों से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने, जबरन रंग न लगाने, डीजे/लाउडस्पीकर का प्रयोग न करने, नशे की हालत में हुड़दंग न करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने हेतु समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली सामग्री प्रसारित न करने की हिदायत दी गई। आम नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। बैठक के अंत में उपस्थित नागरिकों ने होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रधान आरक्षक केवल नारायण मिश्रा, आरक्षक सौरभ साहू, श्रीराम प्रजापति, हर्ष पटेल, ब्रजेश ठाकुर सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं विभिन्न समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे।

### होली के रंग, आजीविका के संग

**दमोह।** मध्य प्रदेश के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा होली के रंग आजीविका के संग की थीम पर दो दिवसीय आजीविका उत्पाद मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सातों विकासखंड से 20 समूह की सक्रिय भागीदारी रही। समूह के द्वारा निर्मित ठंडाई,महुआ कुकीज गुजिया आलू चिप्स हर्बल गुलाल,नमकीन,होली टी-शर्ट सत्तू फलाहारी नमकीन बेडशीट शहद बांस के बर्तन बताशा देशी घी खोवा आदि का विक्रय लगातार चलता रहा जिसमे 104752 रू विक्रय हुआ।

## मासिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन दमोह में असाटी महिला समिति द्वारा फाल्गुन माह के पावन पर्व पर श्रीमती वर्षा सौरभ असाटी द्वारा मासिक भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड का गान किया गया। समस्त



पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही, सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इसके बाद सामूहिक आरती के साथ सभी ने फाल्गुन माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया, जिससे माहौल भक्तिमय एवं आनंदमय बन गया, वही आयोजक द्वारा समाज की सभी बहनों को प्रसाद वितरित कर जलपान कर कार्यक्रम का सफल समापन किया।

## गायत्री परिवार द्वारा 11 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में मातृशक्ति शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के अंतर्गत गायत्री परिवार शाखा नरसिंहगढ़ जिला दमोह में माता भगवती स्मृति उपवन के अंतर्गत 11 पौधों का रोपण किया गया। दमोह सांसद राहुल सिंह द्वारा एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, भाव सिंह, लकी पटेल, जनपद अध्यक्ष पथरिया खिलान अहिरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद सदस्य ललती संतोष मोदी, जनपद सदस्य किशनगंज श्रीमती संगीता श्रीधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष राम पटेल इन सभी ने 11 पेड़ लगाए। इसके साथजिसमें गायत्री परिवार प्रमुख बीपी गर्ग भूपेंद्र तिवारी द्वारा वेद मंत्र के उच्चारण के साथ वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मंच से राहुल सिंह सांसद दमोह द्वारा कहा गया। पंडित श्रीराम आचार्य ने गायत्री परिवार की निरखी अखंड दीप जलाए 100 वर्ष हुए आज उसके उपलक्ष में जो नरसिंहगढ़ गायत्री कुंज में वृक्षारोपण किया गया। यह हम लोगों का सौभाग्य है कि हम सबको 100 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में 11 पेड़ लगाने का अवसर मिला। गायत्री परिवार के द्वारा पूरे देश में वृक्षारोपण जहां कराया गया है। वहां पर गायत्री परिवार के परिजन उनकी देखरेख करते हैं। यह सबसे बड़ी बात है हम सबको भी पेड़ लगाना चाहिए उसकी सुरक्षा रखनी चाहिए तब तक पेड़ बड़ा नहीं हो जाता है। धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रतिनिधि बनकर पहुंचे भाव सिंह मासाब जिन्होंने गायत्री परिवार के लिए सदा ही सहयोग किया है लगभग कई वर्षों से। इन्होंने भी मंच से कहा हर जगह हर ग्राम में पेड़ लगाकर अपन को रक्षा करनी चाहिए।

और इसके उन्होंने कहा बनी ही जीवन है क्योंकि वृक्ष नहीं रहेंगे तो हवा कहां से आएगी बरसात कैसे होगी। इसलिए हर व्यक्ति का कर्तव्य कि हमें मिलकर वृक्ष लगाना है। गायत्री परिवार प्रमुख बीपी गर्ग ने बताया पंडित श्रीराम आचार्य परम पूज्य गुरुदेव का सपना था पंचवटी हर शक्तिपीठ प्रज्ञापीठ और हर ग्राम में गायत्री परिवार के द्वारा वृक्षारोपण किया जाए। आज पूरे भारतवर्ष में करोड़ों की संख्या में वृक्षारोपण किया गया जिसमें आज आप जहां पर भी जाएंगे। चाहे वह शक्तिपीठ हो प्रज्ञा पीठ हो आपको वहां पर पौधे से वृक्ष बनता हुआ पेड़ आप देख सकते हैं। अपन को पेड़ के साथ फोटो खींचना उसके बाद पेड़ लगाकर भूल जाना या ठीक नहीं है अगर अपन ने पेड़ लगाया तो उसकी सेवा जरूर करना है देखरेख करना है उसे वृक्ष बनाना है। इस मौके पर कई ग्राम पंचायत की सरपंच पहुंचे नरसिंहगढ़ ग्राम पंचायत प्रतिनिधि पंडित राजेंद्र बिदौलिया, ग्राम पंचायत सीता नगर नरोत्तम पटेल, सरपंच गोकल सिंह लोधी, सरपंच मोटा महेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, अमोल सिंह, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रतिनिधि भाव सिंह, पथरिया विधायक मंत्री पुत्र लोकेंद्र पटेल और लकी पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे, पथरिया जनपद अध्यक्ष खिलन अहिरवार, जनपद सदस्य किशनगंज श्रीमती संगीता श्रीधर, जनपद सदस्य नरसिंहगढ़ श्रीमती ललती संतोष मोदी, भूपेंद्र तिवारी गायत्री परिवार दमोह, किसान मोर्चा अध्यक्ष राम पटेल, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, महिला मोर्चा माया पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरसिंहगढ़ दिनेश पटेल, कपिल शुक्ला, तीरथ पटेल, बलिराम अठिया, भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या रही जिसमें पीएम प्रभारी शुभ्रा ठाकुर, पूजा श्रीवास्तव, नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र साहू एवं नरसिंहगढ़ गायत्री परिवार उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न, छाया रहा अवैध शराब का मुद्दा

### शराब दुकान को आबादी क्षेत्र से दूर करने की उठी मांग



**हिंडोरिया।** सन्निकट होली, धुडेरी, रंगपंचमी रमजान शरीफ एवं ईदुल फित्र पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर मे गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों,जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया मित्रों की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय हुआ कि आगामी 02 मार्च 2026 की रात्री मे होलिका दहन होगा। एवं 08 मार्च 2026 को रंगपंचमी पर्व आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे परंपरागत ढंग से मनाया जायेगा। बैठक मे अवैध शराब की बिक्री एवं शराब दुकान स्थान का मुद्दा छाया रहा। इन त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा को मजबूत करने एवं अफवाहों से सतर्क रहने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। सभी के व्दारा दोनों पर्वो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही गई। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। इन अवसरों पर शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस को दें- ताकि पुलिस समय रहते हुये आवश्यक कार्यवाही कर सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि होली के दौरान रंग गुलाल का प्रयोग मर्यादित तरीके से करें। तथा किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या हुड़दंग से बचें।वहीं नगर के लोगों ने चर्चा के दौरान कहा कि नगर के हर मोहल्ला की हर गली में अबैध शराब की बिक्री की जा रही है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी मात्रा में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। जिससे समाज का वातावरण दूषित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर देशी शराब की दुकान को नगर के आबादी क्षेत्र से तत्काल दूर स्थापित करने की भी मांग भी जोर-शोर से बैठक मे उठाई गई । जिसपर कलेक्टर प्रतिनिधि नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह ने कहा कि शराब दुकान अन्यन्त्र स्थापित करने के बारे मे अवश्य कानून सम्मत कदम उठायेंगे। इसके अलावा अनेक लोगों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर भी पुलिस से नजर रखने एवं तत्काल कार्यवाही करने की बात कही है। जिस पर थाना प्रभारी श्री उपाध्याय ने आश्वासन दिया है कि ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाएगी । उक्त अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, मीडिया साथी मौजूद रहे।

## यात्री बसों की हड़ताल स्थगित

**दमोह।** प्रदेश सरकार के मुखिया माननीय मोहन यादव एवं परिवहन प्रमुख सचिव मनीष सींग के साथ प्रदेश यूनियन के पदाधिकारियों की एक बैठक भोपाल में आयोजित हुई जिसमें दमोह जिला अध्यक्ष शंकर राय द्वारा दमोह से भी एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल भेजा गया। करन सिंह परिहार, बंटी राय, उपाध्यक्ष अमजद खान, एवं शमीम कुरैशी सचिव बस यूनियन दमोह ने सहभागिता निभाते हुए अपनी बात रखी चर्चा के बाद माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हमारी दोनों मांगे 24/12/2026 का गजट नोटिफिकेशन एवं 29/1/2026 मे बढ़या हुआ टैक्स होल्ड पर रखने की घोषणा की। वहीं दूसरी ओर प्रदेश यूनियन ने मुख्यमंत्री जी का आभार जताया एवं 2 मार्च से अपनी प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की अब मध्य प्रदेश में प्राइवेट बस सेवाएं यात्रियों के लिए निरन्तर जारी रहेगी।

## सादिका अंजुम ने वर्ग 3 परीक्षा की मेरिट सूची मे प्रथम स्थान पाया

**हिण्डोरिया।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सतरिया में बतौर अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ सादिका अंजुम पिता स्व. इसरार खान की सुपुत्री का मध्य प्रदेश शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग -3 की मेरठ सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



इन्होनें परीक्षा में 83.5 स्कोर एवं 100 परसेन्टाइल से चयन परीक्षा उत्तीर्ण की। सादिया अंजुम ने बताया कि हमने पूर्व मे बतौर अतिथि शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा एवं रौड़ा के अलावा शासकीय हाई स्कूल कोटा मे पदस्थ रह कर अपनी सेवाएं दी हैं। आगे बताया की इस अतिथि संवर्ग -3 की परीक्षा के लिये हमने प्रति दिन सुबह 04 से 08 बजे तक एवं रात्री मे 07 बजे से 11 बजे तक गहन अध्ययन एवं मेहनत की है। उनकी इस उपलब्धि पर सतरिया शाला के प्रभारी प्रवीण चौहान, शिक्षक कमलेश नामदेव एवं समस्त स्टाफ के द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर उनके उज्वल भविष्य की ईश्वर से मंगल कामना की है।

## गोपाल पटेल बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में दमोह जिले के वरिष्ठ नेता गोपाल पटेल को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए जाने पर जिले में हर्ष का वातावरण है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा गोपाल पटेल को प्रदेश महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया गया। दमोह जिले के किसान परिवार से जुड़े गोपाल पटेल लंबे समय से संगठन और किसान हितों के लिए सक्रिय रहे हैं। वे पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा दमोह के जिला अध्यक्ष तथा भाजपा जिला महामंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं।पटेल की नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं किसानजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया जा रहा है।



### मुखबिर की सूचना पर पुलिस की छापेमारी, तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी का मामला, सूचना मिलते दमोह पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे

# चने की फसल की आड़ में अफ़ीम की खेती, बाड़ी तीन एकड़ में लगी करोड़ों रुपए की फसल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि ▶▶ तेजगढ़/ तेंदूखेडा

तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के ग्राम सुहेला, लुकाम मौजा में रामप्रसाद आदिवासी ने चने की फसल के बीचों-बीच अफ़ीम की खेती-बाड़ी कर रहा था अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी इमलिया एवं थाना तेजगढ़ पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान लगभग ढाई से तीन एकड़ भूमि पर अफीम की फसल पाई गई, जिसमें फल एवं फूल भी लग चुके थे। पुलिस द्वारा मौके पर फसल की विधिवत तस्दीक की गई, जिसके बाद उसे अवैध अफीम की खेती होना पाया गया।



अफीम की कीमत लाखों से करोड़ों में आंकी जा रही है।उक्त अफीम की फसल गांव के मुख्य मार्ग से लगभग 2 किलोमीटर दूर, खेतों के बीचों-बीच अलग-अलग खेतों में 2.5 एकड़ से 3 एकड़ लगाई गई थी। आसपास सरसों, चना एवं गेहूं की फसल भी बड़े क्षेत्र में लगी हुई थी, जिससे अवैध खेती को छिपाने का प्रयास किया गया था पुलिस टीम द्वारा पूरे क्षेत्र का सावधानीपूर्वक निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अवैध फसल को नष्ट करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। अफीम की फसल को काटकर मजदूरों की सहायता से बोरियों में सुरक्षित भरा जा रहा है। संपूर्ण कार्यवाही वैधानिक प्रावधानों के तहत की जा रही है तथा अनुमान है कि कार्रवाई पूर्ण करने में लगभग एक दिन का अतिरिक्त समय लगेगा।

यह संपूर्ण कार्रवाई दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया के मार्गदर्शन में, तेंदूखेड़ा एसडीओपी सुश्री अर्चना अहीर के नेतृत्व में संपन्न की जा रही है। मौके पर थाना प्रभारी तेजगढ़ अरविंद सिंह ठाकुर एवं चौकी प्रभारी इमलिया अक्षयेंद्रनाथ महाकाल उपस्थित हैं उनके साथ प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह, प्रधान आरक्षक संदीप महोबिया, प्रधान आरक्षक हीरालाल, प्रधान आरक्षक भगवत पटेल, आरक्षक देवराज पटेल, आरक्षक राजन सिंह राजपूत सहित अन्य पुलिस बल मौजूद है।

प्रारंभिक जांच में उक्त भूमि रामप्रसाद आदिवासी पिता अमर सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी पोड़ी तथा भगत सिंह आदिवासी पिता रम्मू आदिवासी के स्वामित्व/कब्जे की पाई गई है। पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच की जा रही है तथा संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जा रहा है। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी मौके पर पहुंचे जहां खेतों तक वाहन नहीं पहुंचने के कारण बाइक से खेतों में गए। इस संबंध में तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह लोधी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है लगभग ढाई एकड़ में अफीम की खेती होना पाया गया है इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई की जा रही है जब्त की गई अफ़ीम की अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों से लेकर करोड़ में आंकी जा रही है संपूर्ण जप्ती के बाद अनुमान लग सकेगा कि कितनी कीमत की अफीम है।

### संगठन की सूचना से खुला बड़ा राज

पुलिस सूत्रों के अनुसार, चौकी प्रभारी अक्षयेंद्रनाथ सूर्यवंशी को भगवती मानव कल्याण संगठन से सूचना मिली थी कि ग्राम मुराडी में एक व्यक्ति अपनी निजी कृषि भूमि पर बड़े पैमाने पर अफ़ीम के पौधे उगा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई, पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में अफीम के हरे-भरे पौधे सुव्यवस्थित कतारों में लगे पाए गए।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपी रामप्रसाद गौंड के विरुद्ध NDPS Act की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस अधिनियम के तहत अवैध अफीम की खेती करना गंभीर अपराध है, जिसमें कठोर कारावास और भारी जुर्माने का प्रावधान है पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या इस अवैध खेती के पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय था। मोबाइल कॉल डिटेल्स आर्थिक लेन-देन और संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि यह फसल आसपास के जिलों या अन्य राज्यों में सप्लाई की जानी थी।

### युवाओं के भविष्य पर खतरा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अफीम जैसी मादक फसलें समाज में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती हैं और युवाओं के भविष्य को प्रभावित करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेती न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि सामाज के लिए भी गंभीर खतरा है।

### जांच जारी, और खुलासों की संभावना

फिलहाल पुलिस मामले की गहन विवेचना कर रही है। आरोपियों के संभावित सहयोगियों और नेटवर्क की तलाश की जा रही है। आने वाले दिनों में इस प्रकरण में और महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैंथाना तेजगढ़ और पुलिस चौकी इमलिया की यह कार्रवाई जिले में चल रहे नशा मुक्ति अभियान को नई मजबूती देती है और यह स्पष्ट संदेश देती है कि कानून के हाथ अब गांव की मेड़ तक पहुंच चुके हैं।

## विधान में 24 तीर्थंकर के अर्घ्य समर्पित

**दमोह।** नगर के मध्य उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज द्वारा नन्हे मंदिर नवीन निर्माण कार्य हेतु श्री अरिहंत चक्र 24 समवशरण महामंडल विधान चल रहा है। विधान के छठवें दिन 24 तीर्थंकरों का पूजन करके अर्घ्य समर्पित किए गए। सोमवार को सहस्त्र कूट विधान में 1008 वर्ग चढ़ाए जाएंगे। संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से उनके शिष्य मुनिश्री पदम सागर एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में 3 मार्च तक चलने वाले अरिहंत चक्र महामंडल विधान का छटवा दिन अनेक मामलों में ऐतिहासिक रहा। श्री जी के अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत आज अनेक मंदिरों के आसानियों ने विधान स्थल पर आकर द्रव्य पूजन सामग्री समर्पित करते हुए मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को प्रातः बेला में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया, सुरेश शास्त्री, अभिषेक शास्त्री, रोहित भैया, मोनू भैया, स्वतंत्र भैया, अभिषेक भैया आदि के निर्देशन में श्री जी का अभिषेक शांति धारा पूजन संपन्न हुई। मुख्य शांति धारा करने के साथ श्रावक श्रेष्ठि बनकर समोशरण में पूजन का सौभाग्य एन के जैन, महेंद्र जैन, सुनील वेजीटेरियन परिवार, विमल जैन बटियागढ़ परिवार, दीपक जैन, हर्ष कंप्यूटर परिवार, एस के जैन, डॉ आरके जैन परिवार, अभिषेक जैन, चंद्र कुमार परिवार सहित अनेक परिवारों ने शांति धारा पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया। आज शाम की महा आरती का सौभाग्य महिला मंडलों को प्राप्त हुआ। विधान अवसर पर आज भगवान श्री श्रेयांश नाथ से लेकर भगवान महावीर स्वामी तक 14 तीर्थंकरों की पूजन करते हुए पंचकल्याणक मना कर पूर्ण अर्घ्य समर्पित किए गए।



### समवशरण से हुई मुनि श्री पदम सागर जी दिव्य देशना

रविवार को एक बार पुनः मुख्य समवशरण से मुनि श्री पदम सागर जी महाराज की दिव्य देशना का लाभ सभी को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए विशेष पर अवसर पर किए गए दान की महत्वता बताते हुए एक राजा द्वारा अपने मंत्री से चार एक समान मूर्तियों में से श्रेष्ठ मूर्ति का पता लगाने का प्रसंग सुनाते हुए श्रेष्ठ एवं पूज्य प्रतिमा के गुण बताएं। मुनि श्री ने विधान समापन अवसर पर 3 मार्च मंगलवार को प्रात हवन पूजन तथा दोपहर में श्रीजी की पालकी शोभायात्रा निकाले जाने के कार्यक्रम को अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए शक्ल जैन समाज से सापरिवार सहभागिता की अपील की। विधान में आज होने वाले कार्यक्रम विधान के सातवें दिन सोमवार को शांति धारा करने का सौभाग्य मीनू भैया विजय आयरन परिवार, विपुल कुमार संतोष गंगरा आशीर्वाद परिवार, रमेश जैन चक्रवर्ती परिवार, संतोष सिंघई पूर्व अध्यक्ष कुंडलपुर परिवार, दीप जैन इंदौर मीनल नायक दमोह परिवार, पदमचंद खली कुबेर इंद्र परिवार, देवेंद्र जैन लाट साव परिवार, कैलाश जैन पिपरिया वाला परिवार ने प्राप्त किया है। सोमवार को जिन सहस्त्रनाम विधान के साथ 1008 अर्घ्य समर्पित किये जायेंगे। नन्हे मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि चौबीसी हेतु अभी तक 20 प्रतिमाओं की स्थापना हेतु स्वीकृति मिल चुकी है। 20 मंडप तथा 32 में से 20 स्तंभ निर्माण की घोषणा दानदाताओं द्वारा की जा चुकी है। कुछ ही मूर्तियां मंडप तथा स्तंभ शेष बचे हैं। विधान संपन्न होने के पूर्व मूर्ति स्थापना मंदिर निर्माण हेतु सहभागिता की घोषणा करने की अपील सभी से की गई है।

## समाज में फैली विसंगती, प्रेम प्राप्ति के संघर्ष और परिणीति को दिखाता नाटक "लछिया"

### राष्ट्रीय नाट्य समारोह के चतुर्थ दिवस हिंदी और बुंदेली भाषा से समाहित नाटक का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले की अग्रणी नाट्य संस्था युवा नाट्य मंच के द्वारा नगर के अस्पताल चैक स्थित मानस भवन में आयोजित किए जा रहे 21वें 5 दिवसीय नाट्य समारोह के चतुर्थ दिवस भोपाल की स्ट्रीट फैक्ट कल्चरर एंड वेलफेयर सोसायटी के कलाकारों द्वारा बुंदेली और हिंदी भाषा से समाहित नाटक लछिया का मंचन किया गया। यह नाटक समाज में जति, धर्म, वर्ग के आधार पर मानवीय स्वभाव और उनकी सोच से समाज में आने बाले प्रभाव को दिखाता है। नाटक का मुख्य पात्र मानवीय व्यवहार के उस महीन रेखा को भी दिखाता है, जिसे सामान्य मनुष्य या तो नजर अंदाज कर देता है या देखता नहीं है। कहानी का मुख्य पात्र भोला उर्फ लछिया एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो ना तो पूरा पुरूष है और ना पूरी महिला। ऐसे में वह समाज से प्रेम और सम्मान पाने से तो बंचित है, लेकिन समाज के बनाए गए नियम और वाध्यताएं उसे माननी होती है। हालातों से जूझते और प्रेम और सम्मान के लिए तरसता लछिया एक दिन अपने ही बनाए एक माटी के पुतले से प्रेम करने लगता है और उस पुतले के प्रेम में वह इतना खो जाता है कि आखिरकार अपनी पहचान ही बदल लेता है। इस दौरान समाज के व्यवहार, उनकी नाराजगी और उसके मन की पीड़ा दर्शकों के मन में भी एक विचार देती है कि आखिर जिन मान्यताओं और व्यवहार को हम अपने साथ जोड़े है, वह ईश्वर ने बनाए है या हमने। नाटक के लेखक रंगकर्मी वसीम खान और जैकी भावसार है और निर्देशन और मुख्य पात्र की जिम्मेवारी भी इन्होने ही संभाली है। ऐसे में यह कहानी को पूर्ण रूप से दर्शकों के सामने रखने में सफल हुए है। नाटक की कहानी के साथ सबसे ज्यादा प्रभावी है पात्रों का अभिनय। मुख्य पात्र जैकी भावसार भोला से शुरू होकर लछिया के पात्र में नाटक के अंत तक खुद को लछिया में ऐसे समाहित कर लेते है कि पात्र और लछिया में अंतर नहीं रह जाता। सूत्रधार के रूप में वसीम अली, देवकी बनी कीर्ति सिन्हा, दिदिया प्रिया भदौरिया परिहार, मुंशी राजेंद्र सोनी, रागी विजय सोनवाने और अंश पायन सिन्हा, पंडित संदीप पाटिल, सविता शिवानी कटेरिया, औरतों के रूप में मोनिका राठौर अंजलि चैहान ने अपना अभिनय पूरी शिद्दत के साथ किया है। ननकू बने प्रदीप डोंगरे स्वयं, शिव व लठेत की भूमिका में शोएब अंसारी और रोहित कुशवाह और दिलीप, लठेत 2 के पात्र में देवराज जोशी ने पात्रों के साथ न्याय किया है। वहीं नाटक की मंडली में देवराज जोशी, प्रदीप डोंगरे, अंजलि चैहान, विजय सोनवाने, पात्र में रमे नजर आते है। नाटक का संगीत अत्यंत कर्णप्रिय है और पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग संगीत के लिए किया गया है जो उसे प्रभावी बनाता है। वाद्ययंत्रों में लक्ष्मी नारायण शर्मा की ढोलक, अनिल संसारे का हारमोनियम के साथ गायन पक्ष नाटक के अनुरूप है। मंच निर्माण में असली सामग्री का ही उपयोग किया गया है और एक ही मंच पर तीन अलग अलग स्थान कुम्हार का घर, चैपाल और ठाकुर क बैठक दिखाने में निर्देशक और मंच निर्माण से जुड़े राजेन्द्र सोनी, संदीप पाटिल और मामू सफल रहे है। नाटक में प्रकाश परिकल्पना संगीत नाटक अवार्ड से नवाजे गए कमल जैन की है जो नाटक को प्रभावी बनाती है। पात्रों की वेशभूषा सीमा मोरे, मीनू तेलंग एवं शराफत अली की है।

### आज लोकमाता अहिल्या की प्रस्तुति से समापन

नाट्य समारोह के पाँचवें दिवस समापन अवसर पर स्थानीय रंग समूह युवा नाट्य मंच द्वारा भारतीय इतिहास और नारी शक्ति की गौरव गाथा का प्रतीक देवी अहिल्या बाई होल्कर पर आधारित नाटक लोकमाता अहिल्या का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक डॉ उमेश चैरसिया और निर्देशक वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव अयाची है।

## कृषि उपज मंडी जबेरा में भव्यता से हुई महाआरती

**जबेरा।** भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों के द्वारा रविवार को कृषि उपज मंडी जबेरा में मासिक महा आरती का आयोजन किया गया उक्त मासिक महा आरती के समापन के अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि योगीराज परम पूज्य गुरुदेव जी श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद से प्रति माह की भांति इस माह के प्रथम रविवार को कृषि उपज मंडी जबेरा में महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में संगठन के गुरु, भाई- बहनों एवं मां के भक्तों ने भाग लिया आरती का शुभारंभ पूज्य गुरुदेव जी एवं माता जी के जयकारों से हुआ आरती के पश्चात संगठन की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया गया चिंतन के क्रम में जनपद सदस्य ,भगवती मानव कल्याण संगठन की कार्यकर्ता ओमवती ठाकुर, ने धर्म रक्षा मानवता की सेवा राष्ट्र रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने की बात कही ।जनपद उपाध्यक्ष जबेरा एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की जिला उपाध्यक्ष रश्मि सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार रखते हुए सभी को पूज्य गुरुदेव जी की विचारधारा पर संकल्प के साथ चलने को कहा गया ।अगली कड़ी में मानसिंह ठाकुर एवं जबलपुर से आए हुए भूषण शुक्ला जी ने कटंगी में होने वाले जिला स्तरीय चालीसा पाठ के लिए सभी को आमंत्रित किया जिसमें संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन ₹ पूजा दीदी₹ जी का आगमन होना है एवं राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय, अजय अवस्थी जी का आगमन होना है तत्पश्चात भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर एवं किसान मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह जी ने भी अपने विचार रखते हुए सभी को परस्वाहा में होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया तथा बताया कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय प्रमुख सचिव आशीष शुक्ला जी का शुभ आगमन होना है सभी को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करना है ,एवं जन जागरण के माध्यम से समाज को नशा मुक्त एवं मांसाहार मुक्त करने का प्रयास करते रहने को कहा गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा समाज का सुधार हो सके और समाज धर्म, अध्यात्म की ओर बढ़ सके इस प्रकार के उद्बोधन से अपनी विचारधारा को रखा ।अंत में जबेरा ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार रखें, अंत में शक्ति जल प्रसाद का वितरण किया गया । भगवती मानव कल्याण संगठन की विचारधारा से प्रेरित होकर के कार्यक्रम के पश्चात 5 नए परिवारों ने मां के चरणों में नशा मुक्त मांसाहार मुक्त रहने का संकल्प लिया।



## बस में महिला के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

रविवार को हटा में उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई जब एक महिला यात्री ने चलती यात्री बस में अपने साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस क्रमांक एमपी 14 पीए 0571 को जब्त कर पीड़ित महिला को हटा थाना से महिला आरक्षक के साथ दमोह महिला पुलिस थाना भेजा गया जहां पर महिला की कथनों के आधार पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार, महिला यात्री ने आरोप लगाया कि वह बनवार से हटा आने वाली बस में यात्रा के दौरान रास्ते में उसके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। महिला द्वारा आपत्ति जताने के बाद भी कथित रूप से स्थिति सामान्य नहीं हुई, जिसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और संबंधित बस को रोककर थाने लाया गया। बस में मौजूद चालक, परिचालक तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर घटना के समय बस में मौजूद यात्रियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि पूरे घटनाक्रम की वास्तविकता सामने लाई जा सके। जहां महिला पुलिस थाना दमोह में महिला द्वारा दिए गए कथनों के आधार पर आरोपी बस मालिक दमोह निवासी के विरुद्ध छेड़छाड़ की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस घटना के बाद यात्री बस में महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि बसों में निगरानी और अनुशासन की व्यवस्था और मजबूत की जानी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## थाना प्रभारी ने होली पर बच्चों को बांटी रंग गुलाल पिचकारी

**हटा।** रंगों के पर्व होली की पूर्व संध्या पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने त्यौहार को लेकर नगर में छोटे बच्चों को गुलाल एवं पिचकारी किए वितरित, साथ ही मिठाई खिला कर होली की दी शुभकामनाएं। दरअसल सुधीर बेगी नगर में अपनी समाजसेवा के पुनीत कार्य को लेकर सुर्ख़ियों में बने हुए वह नगर में जिस गली से भी निकलते हैं लोगों के अलावा बच्चे उन्हें कहीं भी रोक लेते हैं और बड़े ही सरल स्वभाव के चलते बच्चे उनसे बात कर सेल्फी भी लेते हैं। जिनकी जिले आजकल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। ऐसा ही कुछ नजारा रविवार की शाम हटा के बाजार में देखने को मिला जहां त्यौहार में खुशियां मनाने थाना प्रभारी बेगी अपने स्टाफ के साथ रंग गुलाल पिचकारी की दुकान पर बाजार पहुंचे तो थाना प्रभारी को देखकर वहां बच्चों की भीड़ जमा हो गए तब सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते हुए उन्होंने रंग गुलाल और पिचकारी खरीद कर सैकड़ो बच्चों को वितरित की और मिठाई खिलाकर खुशियां बांटते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

## प्रशासन व पत्रकारों ने किया होली मिलन समारोह



**दमोह।** होली पर्व आपसी प्रेम, सदभाव व रंगो के माध्यम से साथ मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। अपनी कलम के माध्यम से शासन प्रशासन को लगातार जागरूक करने वाले एवं उपलब्धियों पर प्रशंसा व कमियों पर आलोचना करने वाले पत्रकार बंधु समाज में एक अलग स्थान रखते है। सुशासन वाले प्रशासन का मार्ग अच्छी पत्रकारिता से ही संभव है। इसी दृष्टि से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने होली पर्व के उपलक्ष्य में होली दहन के एक दिन पूर्व कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह मनाया। पहने पत्रकारों ने जिले व नगर की समस्याओं पर चर्चा की। पत्रकारों को शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी वाय ए कुरैशी ने दी एवं कई योजनाओं से लाभांवित हुये पत्रकारों के उदाहरण भी प्रस्तुत किये। इस दौरान सभी पत्रकारों ने कलेक्टर महोदय सहित अन्य अधिकारियों को होली पर्व की गुलाल लगाकर परस्पर शुभकामनायें दी। साथ ही परस्पर एक दूसरे के सहयोगी बने रहने की भावना व्यक्त करी। कार्यक्रम सभी ने सहभोज का लुत्फ उठाया। आभार जनसंपर्क अधिकारी वाय ए कुरैशी ने माना। इस अवसर पर एडी एसपी श्री भदौरिया, सीएसपी एच आर पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार सहित पत्रकारों बंधु, जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विधायक ने घाट निर्माण का किया भूमिपूजन



**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने बांदकपुर के बम्हौरी में आयोजित ₹बम्होरी प्रीमियम लीग₹ क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मैच में शामिल होकर खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने बम्होरी तालाब पर विधायक निधि से (राशि 10 लाख रुपये) घाट निर्माण का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर रमन खत्री, राजकुमार जैन, सीतु पंडा, सुनील डबुल्या, ब्रजेश सिंह, देशराज सिंह, पं अभिलाष मिंटू हजारी, छोटेलाल गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण जन मौजूद रहे।